जेलों में कोरोना संक्रमण रोकने के लिये रैंडम सैंपलिंग प्रारम्भ -चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
M-17-05-2020-12.docx (http://103.203.138.54/news/206692/document/M-17-05-2020-12.docx)

DESCRIPTION

जेलों में कोरोना संक्रमण रोकने के लिये रैंडम सैंपलिंग प्रारम्भ
-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

जयपुर, 17 मई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बताया कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिये राज्य की तमाम जेलों में रैंडम सैंपलिंग की जा रही है । उन्होंने बताया कि जेलों में कोरोना के पहुंचने की भी पड़ताल की जा रही है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि जयपुर जिला जेल में 128 केस पॉजीटिव पाये गए हैं। उन्होंने बताया कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जिला जेल में एक अलग बैरक को आइसोलेशन बैरक बनाकर पॉजीटिव आने वाले मरीजों को वहां रखा जा रहा है। अन्य बीमारियों से ग्रसित कोरोना पॉजीटिव मरीजो को एसएमएस अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है।

महीने के अंत तक 25 हजार जांचों की सुविधा होगी विकसित
चिकित्सा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 32 हजार सैंपल लिए जा चुके हैं। प्रदेश में जांच की संख्या में दिनोंदिन इजाफा हो रहा है। आदिनांक तक 12170 जांचें प्रतिदिन की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत तक 25 हजार जांच क्षमता विकसित करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रत्येक जिले में जांच सुविधा विकसित की जा रही है।

60 फीसद पॉजीटिव का नेगेटिव होना संतोष की बात
स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रवासियों के चलते पॉजीटिव मरीजों के संख्या में इजाफा हो सकता है। प्रदेश में पॉजीटिव केसेज की तादात बढ़ी है ,साथ ही रिकवरी का रेशो भी लगभग 60 फीसद है। प्रदेश में अब तक 3000 लोग बेहतर उपचार के चलते दुरुस्त हो चुके हैं। यह प्रदेश के लिए बेहद संतोष और सुकून की बात है।

प्रवासियों के लिए बेहतर क्वारेंटाइन व्यवस्था

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में आने व जाने के लिए लगभग 20 लाख लोगों ने पंजीकरण करवाया है। प्रवासी राजस्थानियों के लिए कोई परेशानी ना हो इसके लिए शहरों, गांवों में क्वारेंटाइन की बेहतर सुविधा विकसित की जा रही है। आने वाले लोगों के घरों में पर्याप्त जगह है तो उन्हें होम क्वारेंटाइन नहीं तो संस्थागत क्वारेंटाइन सुविधा दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि संक्रमितों को कोविड केयर सेंटर और कोविड डेडिकेटेड अस्पतालों में भर्ती किया जाएगा ताकि अन्य अस्पतालों में सामान्य बीमारियों का इलाज यथावत चलता रहे।

कोरोना को हराने के लिए जीवनशैली में लाएं बदलाव
डॉ. शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेताया है कि कोरोना इतनी जल्द जाने वाला नहीं है, हमें इसके साथ ही जीना होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि हम अपनी आदतों में बदलाव लाएं और सभी सावधानियों मसलन, मास्क लगाना, बार-बार साबुन से हाथ धोना, सोशल डिस्टेंसिंग को अपनाते हुए जीवनशैली रखें। उन्होंने कहा कि कोरोना को सजगता से ही हराया जा सकता है।

हर वर्ग के लिए सरकार है चिंतित
उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंदों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए इसके लिए भी सरकार द्वारा लोगों तक राशन, पेंशन व पर्याप्त मात्रा में आर्थिक सहायता पहुंचे इसके पुख्ता इंतजामात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के दायरे में नहीं आते ऐसी लोगों की सरकार द्वारा कैटेगिरी बनाई जा रही है ताकि उनका चयन कर किसी ना किसी रूप में उनकी मदद की जा सके।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **18/5/2020**
You are visitor No.:

001930300

Website Policies (/content/dipr/en/websitepolicies.html) | Disclaimer (/content/dipr/en/disclaimer.html) |

Accessibility (/content/dipr/en/accessibility.html) | Sitemap (/content/dipr/en/sitemap.html)

Nodal Officer: **Sh. Arun Kumar Joshi**

Designation : Joint Director(News)

Mobile Number : 9610409010

Email: dpr-comp-rj@nic.in

This website belongs to Information and Public Relations Department

We're on social networks

(https://www.facebook.com/DIPRRajasthan) (https://twitter.com/dprrajasthan) (https://instagram.com/...) (https://www.youtube.com/channel/UC2oIZW3EmG59rjejhn

(https://validator.w3.org/) (https://jigsaw.w3.org/css-validator/check/referer)